RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : गुरुवार 04 जनवरी 2023 वर्ष 05 अंक 252 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## माटुंगा पुलिस ने दादर स्टेशन के पास नकली पत्थर को रत्न बताकर बेचने वालों को किया गिरफ्तार

**मुंबई :** माटुंगा पुलिस ने दादर स्टेशन के पास रत्न बेचने आए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से पुलिस ने अलग-अलग रंग के रत्न बरामद किए हैं। आरोपी नीलम, रूबी, पुष्पराज नामक रत्न बताकर लोगों से पैसे लेते थे और नकली रत्न देकर फरार हो जाया करते थे। मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 6 आरोपियों को रत्न खरीदने के लिए बुलाया गया और फिर शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत के आधार पर जाल बिछाकर छह आरोपियों को पकड़ लिया गया। मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम संजुर हबीब खान (58), जितेंद्रकुमार मिश्रीलाल ब्राम्हण (50), प्रकाश हरकिशनदास टेलर(49), शैलेश सुभाष चव्हाण (45), भालचंद्र पोपट तिलोर उर्फ दिपेश (47) और मोहंमद इरफान अब्दुल कय्युम शेख (43) है।

# राम मंदिर के उद्घाटन वाले दिन पूरे देश में मांस और शराबबंदी हो...,

## महाराष्ट्र बीजेपी विधायक की सीएम शिंदे से डिमांड

**मुंबईः अयोध्या में निर्माणधीन राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर महाराष्ट्र में काफी तैयारियां चल रही हैं। बीजेपी ने 22 जनवरी के दिन लोगों से दीवाली मनाने की अपील की है तो वहीं दूसरी तरफ महाराष्ट्र बीजेपी के नेता और विधायक राम कदम ने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से दो मांगें की है।**

कदम ने कहा है कि 450 साल के इंतजार के रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजेंगे। ऐसे में यह एक पवित्र दिन है। कदम ने कहा कि वह मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि करोड़ों राम भक्तों की आस्था को देखते राज्य में 22 जनवरी को संपूर्ण तौर पर दारूबंदी और मांस की बिक्री पर पाबंदी रहे।

**सीएम पूरे देश के लिए करें मांग**

कदम ने कहा कि वह महाराष्ट्र



के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से अपील करते हैं कि वह केंद्र सरकार से आग्रह करें कि इस दिन न सिर्फ महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश में शराब और मांस की बिक्री पर प्रतिबंध रहे। राम कदम ने कहा कि यह करोड़ों राम भक्तों की मांग है। महाराष्ट्र में इससे पहले एक विधायक ने मुख्यमंत्री से 22 जनवरी को पब्लिक हॉलीडे घोषित करने की मांग की थी। गुजरात में विश्व हिंदू परिषद की राज्य ईकाई की तरफ से पहले ही ऐसी मांग की जा चुकी हैं। इसमें विहिप ने 22 जनवरी को राम रजा (राम अवकाश) घोषित करने की मांग की है।

### बाणगंगा तलाब पर दीपोत्सव...

**महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने 22 जनवरी 2024 को मुंबई के वालकेश्वर में प्रभु श्रीराम के चरणों से पवित्र हुए ऐतिहासिक बाणगंगा तालाब पर नगर निगम के माध्यम से भव्य तरीके से दीपोत्सव मनाने की पहल की है। राज्य के कैबिनेट मंत्री और मुंबई उपनगर जिले के पालकमंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा के प्रयासों से ऐतिहासिक बाणगंगा तालाब पर दीपोत्सव और विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। इसके तहत 22 जनवरी 2024 को बाणगंगा तालाब पर दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह दीपोत्सव सभी मुंबईकरों के लिए खुला रहेगा। इसी तरह राम मंदिर में प्राण प्रतिस्थापना होने के बाद उसी दिन मलबार हिल विधानसभा क्षेत्र के सभी मंदिरों में महाआरती का आयोजन किया जाएगा और प्रसाद भी वितरित किया जाएगा।**

## शरद पवार पर बड़ा आरोप... 20 हजार करोड़ का घोटाला - सोमैया



**मुंबई :** किरीट सोमैया ने परियोजना प्रभावित पुनर्वास योजना घोटाले यानी पीएपी घोटाले में सीधे तौर पर शरद पवार और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं. यह घोटाला 20 हजार करोड़ का है. बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने आरोप लगाया है कि शाहिद बलवा और पवार के करीबी चोरडिया को फायदा हुआ है. एक हजार 903 फ्लैट बनाये जा रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए अलग-अलग आरक्षण को खत्म किया जा रहा है.

मुंबई नगर निगम की ठाकरे सरकार के 2000 करोड़ के पीएपी घोटाले में अब शरद पवार और पवार परिवार का नाम सामने आया है. सोमैया ने आरोप लगाते हुए कहा, पवार परिवार पीएपी घोटाले में शामिल है. 1903 फ्लैट नगर पालिका बाजार मूल्य पर 58 लाख में एक फ्लैट खरीदने जा रही है. इस फ्लैट को बनाने में जमीन और निर्माण लागत के तौर पर 15 से 17 लाख रुपये खर्च होंगे. सोमैया का आरोप है कि शरद पवार के भाई प्रताप पवार की कंपनी और चोर्डिया बिल्डर्स की न्यू वर्ल्ड लैंडमार्क एलएलपी कंपनी को एक फ्लैट के पीछे 40 लाख रुपये का मुनाफा होगा.

सोमैया ने कहा, चोर्डिया की न्यू वर्ल्ड लैंडमार्क एलएलपी कंपनी को 100 करोड़ रुपये के निवेश के मुकाबले 1000 करोड़ रुपये के भांडुप पीएपी घोटाले से फायदा हुआ है. नियो स्टार इंफ्रा प्रोजेक्ट्स कंपनी ने भी हिस्सा लिया है. सोमैया ने मांग की है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को इस पीएपी घोटाले की जांच करनी चाहिए. बीजेपी नेता सोमैया ने (ट्विटर) पर आरोप लगाते हुए लिखा था कि, -20,000 करोड़ के बीएमसी ''पीएपी घोटाले'' का असली लाभार्थी कौन है !!?? मैं कल 3 जनवरी सुबह 11 बजे महत्वपूर्ण रहस्य का ''खुलासा'' करूंगा.

## इमारत की आठवीं मंजिल से कूदकर 19 वर्षीय छात्रा ने दी जान!

## सुसाइड नोट में डिप्रेशन की कही बात...



**मुंबई :** मुंबई के अंधेरी इलाके से एक सुसाइड का मामला सामने आया है, जहां 19 वर्षीय छात्रा ने एक इमारत से कूदकर जान दे दी। यह घटना बुधवार सुबह की है छात्रा ने इमारत की 14वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। डी एन नगर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा, मृतिका द्वारा छोड़े गए एक सुसाइड नोट के पेज से पता चलता है कि वह डिप्रेशन में आ गई थी और इसके कारण उसने यह कदम उठाया। उन्होंने बताया कि यह घटना पश्चिमी उपनगर में एसवी रोड पर स्थित मिलियनेयर हेरिटेज सोसाइटी में हुई। पीड़िता विधि प्रमोद कुमार सिंह पिछले कुछ वर्षों से बिल्डिंग में पेइंग गेस्ट के रूप में रह रही थी, जबकि उनके परिवार के सदस्य पड़ोसी ठाणे में रहते हैं। उन्होंने कहा, वह विले पार्ले के मीठीबाई कॉलेज की छात्रा थी।

अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि इमारत के चौकीदार ने सबसे पहले उसके शव को जमीन पर देखा और सोसायटी के अन्य सदस्यों को सूचित किया, जिन्होंने पुलिस को बुलाया। अधिकारी ने कहा, पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है और उसके परिवार को सूचित किया है, उसकी मौत के पीछे का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चला है।

## सब्जी बेचने वाले के पास मिली नेपाली चरस

## 1.5 करोड़ कीमती ड्रग्स के साथ मुंबई में दो गिरफ्तार



**मुंबई :** एंटी नारकोटिक सेल के डीसीपी प्रकाश जाधव के नेतृत्व में टीम ने 2 किलो से ज्यादा ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. नेपाल से लाई गई चरस की कीमत 1.5 करोड़ रुपये आंकी जा रही है. पुलिस ने इस मामले में लक्ष्मण जयसवाल और रोहित गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जयसवाल मुंबई में सब्जी बेचने के काम करता है. वह बोरीवली इलाके में काम करता है. वहीं, गुप्ता यूपी के चौरी-चौरा का रहने वाला है. दोनों एक-दूसरे को जानते हैं और एक ही गांव के रहने वाले हैं. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, उन्हें मुंबई के बोरीवली पश्चिम इलाके में ड्रग्स की आपूर्ति के बारे में गुप्त सूचना मिली थी. इसके बाद कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक सेल ने मंगलवार की रात दोनों आरोपियों को पकड़ लिया.

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि गुप्ता को पैसे की जरूरत थी और उसे बताया गया था कि चरस मुंबई में आसानी से बिक जाती है. इसके बदले में अच्छे पैसे मिलते हैं. इसके बाद गुप्ता नेपाल बॉर्डर तक गया, जहां एक व्यक्ति ने उसे 2 किलोग्राम चरस दी. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 1.5 करोड़ से अधिक है. गुप्ता और जयसवाल ने चरस खरीदने के लिए किसी और से ये पैसे लिए थे. नेपाल बॉर्डर से गुप्ता चरस लेकर मुंबई आया और जयसवाल से मिला. दोनों चरस बेचने के लिए खरीददारों की तलाश में थे, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया. पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि वो ड्रग्स कहां से लाई गई थी और किसे बेचने की तैयारी थी. इस मामले में और भी गिरफ्तारी हो सकती हैं.

## ठाणे में संपत्ति के फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में 4 लोगों पर मामला दर्ज



**ठाणेः** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में खरीदी गई एक संपत्ति के कथित फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी नौपाड़ा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि एक ही परिवार के तीन लोगों ने 1983 में चौथे आरोपी से संपत्ति खरीदी और उन्होंने सरकार से धोखाधड़ी करने के लिए दस्तावेजों के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। उन्होंने बताया कि यह धोखाधड़ी 2020 में संपत्ति के दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान सामने आई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया।




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## 'कर्जदार' है नया साल...

नए साल की शुभकामनाएं और समारोह एक घिसी-पिटी रवायत है, क्योंकि कुछ भी बदलने के आसार गायब रहते हैं। तनाव, उदासियों, नाकामियों, युद्ध जैसी विभीषिकाओं, संहार, सत्ताओं के लालच और स्वार्थ के माहौल में आम आदमी का कुछ भी संवरता हुआ दिखाई नहीं देता। एहसास तक नहीं होता। बस अस्तित्व जिंदा है, यही गनीमत है और नियति की मेहरबानी भी है। यह यथार्थ तब महसूस होता है, जब आम आदमी होश में होता है, अलबत्ता बाजार की ताकतों ने नए साल के रूप में उसे भ्रमित कर रखा है। आम आदमी इन्हीं संभावनाओं में बेहोश रहता है कि नया साल आया है, तो उसकी जिंदगी भी 'नई' होगी! बसंत की बहारें आएंगी और नया सफर सुखद होगा! हम नैराश्य और नकार की अवस्था में नहीं हैं। नए साल की नई हवाएं और शुभकामनाएं हम भी महसूस कर रहे हैं, लेकिन देश एक भारी कर्ज में जी रहा है, लिहाजा हम भी कर्जदार हैं। हम हैं, तो यह देश है। बेशक हम विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन हकीकत हमारी 140 करोड़ से अधिक आबादी के इर्द-गिर्द है। आर्थिक सच यह है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय 1,72,276 रुपए के करीब है और 5वीं अर्थव्यवस्था वाला देश, इस संदर्भ में, विश्व में 141वें स्थान पर है। इतना व्यापक विरोधाभास क्यों है? यदि देश की आर्थिक विकास दर लगातार 8 फीसदी या उससे अधिक बरकरार रहती, तो हम 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था कभी के बन चुके होते। आर्थिक विषमता का यथार्थ यह है कि 10 लाख रुपए से महंगी कारें खरीदने वालों की संख्या बढ़ रही है और आज भी करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें यह सुनिश्चित नहीं है कि नए साल में उनकी आमदनी बढ़ेगी अथवा घटेगी। आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबले का अध्ययन आज भी कचोटता है कि 23.5 करोड़ भारतीय ऐसे हैं, जो 375 रुपए रोजाना कमाने में भी अक्षम हैं।

सबसे भयावह यथार्थ तो यह है कि भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के स्वप्न देख रहा है, सत्ताएं डींगें हांक रही हैं और करीब 81 करोड़ लोगों को 'मुफ्त अनाज' बांटना पड़ रहा है। इस जमात में भी नए साल के आकर्षण और बधाइयां बांटी जा रही हैं। ऐसे नववर्ष के उल्लास मनाने के मायने क्या हैं? नए साल के सूर्योदय से पहले एक सर्वे सामने आया है, जिसके मुताबिक 600 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी कर्ज भारत पर है। औसतन प्रत्येक भारतीय पर 1.40 लाख रुपए का कर्ज है। जो आय है और जो कर्ज है, उसमें औसत भारतीय जीवन चलाए या नया साल गदगद होकर मनाए। उसी सर्वे के कारण ही तमाम आर्थिक संदर्भ उभर कर सामने आए हैं। न जाने क्यों आर्थिक ताकत और विश्व गुरु बनने के जुमले उछाले जा रहे हैं? सर्वे का निष्कर्ष यह है कि एक बार फिर आम चुनाव से पहले राष्ट्रवाद, अनुच्छेद 370, समान नागरिक संहिता और हिंदुत्व आदि की झलक दीखने लगी है। ये गूंजें सुनाई देने लगी हैं, क्योंकि व्यक्तिगत आर्थिक संकुचन के बावजूद 5वीं अर्थव्यवस्था, भारत वैश्विक ताकत के तौर पर और भारत सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को 50 फीसदी से अधिक देश 'अहम उपलब्धियां' आंक रहा है। इन योजनाओं में पक्का घर, मुफ्त गैस सिलेंडर, नल में मुफ्त जल, मुफ्त शौचालय, मुद्रा ऋण आदि योजनाएं शामिल हैं। बेशक करोड़ों को इन योजनाओं से फायदा हो रहा है, लेकिन सवाल है कि यदि हम 5 ट्रिलियन डॉलर के करीब की अर्थव्यवस्था हैं, तो यह दरिद्र-सी स्थितियां क्यों हैं? भारत में सामाजिक सुरक्षा के नाम पर 'बीपीएल' होना बहुत लाभदायक स्थिति है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# फिर एक मंच पर शरद पवार और अजित पवार, महाराष्ट्र की सियासत में अटकलों का दौर शुरू



**मुंबई:** एनसीपी में फूट के बाद एनसीपी के वरिष्ठ नेता शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार एक मंच पर आएंगे. पिंपरी-चिंचवड़ में 100वें अखिल भारतीय मराठी नाट्य सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के मौके पर शरद पवार और अजित पवार एक ही मंच पर होंगे. चाचा-भतीजा एक मंच पर होंगे, इसे लेकर पुणे में एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है.

चर्चा है कि चाचा-भतीजा पिंपरी चिंचवड़ में अखिल भारतीय मराठी नाट्य सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे. इस बैठक का आयोजन अखिल भारतीय मराठी नाट्य परिषद पिंपरी चिंचवड़ शाखा द्वारा किया जाएगा. करीब 25 साल बाद शहर में नाट्य सम्मेलन होगा. इससे पहले, 79वां नाट्य सम्मेलन पिंपरी चिंचवड़ शहर के मैदान में आयोजित किया गया था. उस वक्त योजना बनाने की जिम्मेदारी कांग्रेस अध्यक्ष शरद पवार के कंधों पर थी. इसके अलावा दिवंगत शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामकृष्ण मोरे और युवा अजित पवार ने भी जिम्मेदारी निभाई. इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार और उद्योग मंत्री उदय सामंत ने थिएटर सभा की जिम्मेदारी ली है.

पिंपरी-चिंचवड़ और पुणे शहर में ऐसे कार्यकर्ता और नेता हैं जो शरद पवार और अजित पवार दोनों का सम्मान करते हैं. एनसीपी के विभाजन के बाद दोनों नेता एक मंच पर आ रहे हैं. अगले कुछ दिनों में लोकसभा चुनाव होने हैं. क्या कहेंगे दोनों नेता इसपर सभी की नजर होगी. शरद पवार और अजित पवार के अलग-अलग ताल ठोकने के बाद राज्य की राजनीति को एक अलग दिशा मिल गई है. अजित पवार ने बीजेपी के साथ मिलकर सत्ता में शामिल होने का रुख अपनाया. शरद पवार ने इसके खिलाफ रहने का फैसला किया. पिछले कुछ दिनों से अजित पवार और शरद पवार एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं. अक्सर देखा गया कि दोनों एक-दूसरे की परोक्ष रूप से आलोचना करते थे. तो अब ये दोनों एक मंच पर अपनी बात रखने जा रहे हैं.

## राज्यभर में घना कोहरा, मुंबई-पुणे-नागपुर-हैदराबाद-अहमदाबाद फ्लाइट रद्द



**मुंबई :** मौसम में जबर्दस्त बदलाव हुआ है। राज्यभर में घना कोहरा छाया और दोपहर में ही धूप के दर्शन हो सके। सुबह कोहरा छा गया। हालांकि फिर धूप तो निकली पर बिगड़े मौसम के कारण कई दिक्कतें सामने आईं। शहर से कई उड़ानें निरस्त करनी पड़ीं। बुधवार को मौसम खराब होने का सबसे ज्यादा असर हवाई सेवाओं पर पड़ा। इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से एक दो नहीं बल्कि पूरी पांच उड़ानों को रद्द कर दिया गया। बुधवार को इंदौर आने वाली मुंबई, पुणे, नागपुर, अहमदाबाद तथा हैदराबाद की फ्लाइट रद्द कर दी गईं। मध्य रात करीब 1 बजे कई जगहों पर बारिश हुई या बौछारें पड़ीं। इस मौसम में इंदौर में पहली बार मावठा गिरा।

## आईएएस अधिकारी ने भाई के साथ मिलकर दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी के दो कर्मचारियों को पीटा, केस दर्ज




**मुंबई :** एक प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता के लिए काम करने वाले दो लोगों की नवी मुंबई में एक आईएएस अधिकारी और उसके भाई ने इंटरनेट राउटर के मुद्दे पर उनके आवास पर कथित तौर पर पिटाई कर दी। एक अधिकारी ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि आवासीय सोसायटी के चार सुरक्षा गार्डों ने भी 30 दिसंबर की शाम को दो लोगों पर पाइप और लकड़ी के डंडों से हमला करने में कथित तौर पर अधिकारी के भाई का साथ दिया। आरोपियों की पहचान आईएएस अधिकारी अमन मित्तल के रूप में हुई है, जो वर्तमान में महाराष्ट्र जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग के उप सचिव के रूप में तैनात हैं, और उनके भाई देवेश मित्तल के अलावा चार सुरक्षा गार्ड के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''एयरटेल फाइबर इंटरनेट इंस्टॉलेशन सर्विस के लिए काम करने वाले दो लोग इंटरनेट राउटर की समस्या को ठीक करने के लिए देवेश मित्तल के घर गए थे।'' एयरटेल में इंजीनियर के तौर पर काम करने वाले सागर मंधारे (27) द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के हवाले से अधिकारी ने कहा, ''दोनों कर्मचारियों और मित्तल दंपति के बीच बहस शुरू हो गई, जिन्होंने दावा किया कि उन्हें बेडरूम में अपेक्षित इंटरनेट रेंज नहीं मिल रही है।'' मंधारे ने कहा कि उन पर अमन मित्तल और उनके भाई देवेश ने हमला किया, उनका साथ इमारत के चार सुरक्षा गाड्र्स जो पाइप और लकड़ी के डंडों से लैस थे ने दिया।

## लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर से देश की कमान संभालेंगे - छगन भुजबल



**मुंबई :** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने बुधवार को कहा कि देश के मौजूदा माहौल को देखते हुए उन्हें विश्वास है कि कुछ महीनों में होने वाले लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर से देश की कमान संभालेंगे. लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में सत्तारूढ़ सहयोगियों भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-अजित पवार गुट) के बीच सीटों के बंटवारे के बारे में पूछे जाने पर भुजबल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि तीनों दलों के नेता एक साथ बैठेंगे और इस पर फैसला करेंगे. उन्होंने कहा, ''कुछ राज्यों में मौजूदा लहर और चुनाव के नतीजों को देखते हुए हर जगह हवा नरेन्द्र मोदी साहब के पक्ष में है. मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी साहब 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे.'' एनसीपी नेता ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, ''इस साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री महायुति (सत्तारूढ़ गठबंधन) से होगा.'' उन्होंने विश्वास जताया कि वे राज्य में चुनाव जीतेंगे. जितेंद्र अव्हाड (एनसीपी के शरद पवार खेमे से) ने टिप्पणी की थी कि पिछली महा विकास आघाड़ी सरकार में अजित पवार को उपमुख्यमंत्री बनाना एक गलती थी.

## बावनकुले ने आगामी चुनाव से पहले किया बड़ा दावा... महाराष्ट्र में आएगा मोदी का तूफान



**मुंबई:** महाराष्ट्र में 45 से ज्यादा लोकसभा सीटों पर भगवा फहराने के ऐलान के बाद बीजेपी और महायुति सहयोगियों ने काम शुरू कर दिया है. बावनकुले ने कहा, 14 जनवरी से सभी जिलों में महायुति की बैठकें होंगी. हम 45 से ज्यादा सीटें जीतने के लिए तैयार हैं. बावनकुले ने विश्वास जताया है कि मोदी के नेतृत्व में हमें सफलता मिलेगी. आज मुंबई में तीनों दलों के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में महागठबंधन की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई है.

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने महाराष्ट्र में प्रेस कांफ्रेंस में बड़ा दावा किया है. बावनकुले ने कहा, राजस्थान के बाद महाराष्ट्र में मोदी जी का तूफान आने वाला है. आने वाले समय में महाविकास आघाडी के बहुत नेता हमलोग के पार्टी में शामिल होगें. आने वाले विधानसभा चुनाव में हमलोग 225 सीट से ज्यादा जीतेंगें. आज हम सबने मिलकर यह फैसला लिया है कि 14 जानवरी को महायुति का राज्य स्तर पर सम्मेलन होगा. सभी प्रभारी नेता एक साथ जाएंगे.

बावनकुले ने कहा, फरवरी में हम विभाग के और सीटों का बंटवारा होने पर उच्चस्तरिय बैठक और सम्मेलन करेंगे. जहां जो मजबूत होगा वहां पुरी ताकत से अन्य पार्टियां साथ देंगी. महायुति 45 + सीट जीतेगी और 51 प्रतिशत से ज्यादा वोट शेयर होगा. हमारे सामने अभी यह भी सवाल है, कि लोग हमारे साथ आना चाहते हैं. नागपूर की सभा में आपने देखा क्या हुआ, एमवीए के नेता भाषण देंगे और कोई सामने नहीं होगा. बीजेपी नेता ने कहा, जिला, तालुका और बूथ स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। इस बैठक में पार्टी के नेता भी मौजूद रहेंगे, जहां एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस और अजित दादा फरवरी में सार्वजनिक बैठकें करेंगे. पीएम मोदी के नेतृत्व में राज्य में महागठबंधन को बड़ी सफलता मिलेगी.




# नाबालिग बहन से रेप करते थे २ चचेरे भाई, गर्भवती किया



**मुंबई :** मुंबई में 2 चचेरे भाइयों पर 13 वर्षीय नाबालिग बहन से रेप का आरोप लगा है। दोनों भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फ्री प्रेस जनरल के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि किशोरी अपने माता-पिता के साथ विक्रोली की एक सोसाइटी में रहती है। दोनों भाई अक्सर उससे मिलने आते थे। आरोपी भाइयों की उम्र 22 साल और 18 साल है। आरोप है कि दोनों ने किशोरी का कई बार रेप कर उसे गर्भवती किया।

किशोरी के माता-पिता नौकरी पर जाते हैं। ऐसे में विक्रोली में ही रहने वाले उनके परिवार के 2 लड़के किशोरी की देखभाल करने के लिए आते थे। इस कारण किशोरी के माता-पिता को कोई शक नहीं हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, 31 दिसंबर को किशोरी का पेट सामान्य से बड़ा देखने पर मां ने उससे कारण पूछा। कोई जवाब न देने पर मां उसे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने बच्ची ने 23 सप्ताह की गर्भवती होने की पुष्टि की। किशोरी ने पुलिस में अपने बयान दर्ज कराए हैं। किशोरी ने पुलिस को बताया कि 18 वर्षीय चचेरे भाई ने सबसे पहले मई में उसका रेप किया था। इसके बाद 22 वर्षीय भाई ने अगस्त से रेप करना शुरू किया। किशोरी ने बताया कि दोनों ने कई बार उसका यौन उत्पीड़न और रेप किया। रेप करने से पहले दोनों आरोपी उसे अश्लील वीडियो दिखाते थे।

# शिरूर लोकसभा सीट को लेकर शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी आमने-सामने

**मुंबई :** शिरूर लोकसभा सीट पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की आपसी दावेदारी के बाद अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उन्हें जवाब देने शिरूर लोकसभा आ रहे हैं. मुख्यमंत्री का शिव संकल्प अभियान 6 जनवरी को शिरूर लोकसभा से शुरू हो रहा है. चर्चा है कि इसके जरिए वह शिरूर लोकसभा में अपनी ताकत दिखाएंगे. इसलिए शिरूर लोकसभा सीट पर शिंदे गुट और अजित पवार गुट के बीच टकराव देखने की आशंका है. वहीं शिवाजीराव पाटिल ने मुख्यमंत्री शिंदे के दौरे की जानकारी दी है.

शिरूर लोकसभा सीट पर महागठबंधन में किसे लड़ना चाहिए, इसे लेकर दावे-प्रतिदावे चल रहे हैं. उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने दावा किया है कि हम शिरूर लोकसभा सीट लड़ेंगे और जीतेंगे. दिलचस्प बात यह है कि महागठबंधन में शामिल अजित पवार ने आपसी सहमति से यह दावा किया है. अजित पवार के इसी दावे के बाद अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस लोकसभा क्षेत्र में रैली कर रहे हैं. इसलिए, उनके समर्थक दावा कर रहे हैं कि शिवाजीराव अदलराव पाटिल शिंदे समूह से उम्मीदवार हैं.





पाटिल ने कहा कि, ''अजित पवार के शिरूर लोकसभा उम्मीदवार जो शरद पवार समूह के सांसद अमोल कोल्हे को हराने के लिए प्रतिबद्ध हैं, वह तय करेंगे कि उनका उम्मीदवार कौन होगा. हालांकि, मैं शिंदे समूह में रहूंगा. पाटिल ने कहा कि अजित दादा ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन यह तय है कि वह शिरूर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे. पाटिल ने कहा कि अजित पवार की घोषणा के बाद जो भी भ्रम पैदा हुआ है कि हम उन्हें जवाब दे रहे हैं, वह वास्तव में सच नहीं है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन 22 सीटों का दौरा करने का फैसला किया है जिन पर पहले शिवसेना ने चुनाव लड़ा था. इस दौरे के दौरान लोगों से मुलाकात कर कार्यकताओं की बैठक ली जाएगी. उसके जरिए मिशन 48 कार्यक्रम चलाया जाएगा. कम से कम 45 सीटों पर महागठबंधन का चुना जाना तय हो गया है. और इसीलिए एकनाथ शिंदे लोकसभा क्षेत्र में बैठक कर रहे हैं. उन्होंने आगे कहा, हालांकि अजित पवार ने शिरूर लोकसभा क्षेत्र पर दावा किया है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि उनके दावे में कुछ भी गलत है.

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के साथ क्रूर मजाक...

## राज्य में तकरीबन २.५ लाख पद खाली

**मुंबई :** महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग और शिंदे-पवार-फडणवीस सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। राज्य में तकरीबन २.५ लाख पद खाली है। जबकि एमपीएससी ने हाल ही में केवल २०५ पदों का विज्ञापन जारी किया है लेकिन इस विज्ञापन में डिप्टी कलेक्टर, पुलिस उपाधीक, तहसीलदार जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद शामिल नहीं हैं। आम गरीब और ग्रामीण क्षेत्र के ३२ लाख छात्र एमपीएससी की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में सिर्फ २०५ पदों का विज्ञापन इतनी भारी संख्या में परीक्षा



की तैयारी कर रहे छात्रों के साथ क्रूर मजाक है। ऐसा गंभीर आरोप प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंढे ने लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि मुख्य परीक्षा से पहले महत्वपूर्ण पदों का विज्ञापन दिया जाना चाहिए, अन्यथा कांग्रेस पार्टी छात्रों के हित में सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

मंगलवार को गांधी भवन में मीडिया से बातचीत करते हुए अतुल लोंढे ने कहा कि शिंदे-फडणवीस-पवार सरकार ने राज्य के युवाओं को ७५ हजार पदों का लॉलीपॉप दिखाया। लेकिन अब एमपीएससी के छात्रों का मजाक उड़ा रही है। दो साल बाद एमपीएससी की नई परीक्षा प्रणाली लागू करने को लेकर छात्रों ने बड़ा विरोध प्रदर्शन किया था। ऐसे में क्या एमपीएससी और बीजेपी सरकार इस विरोध का बदला ले रही है? क्या बीजेपी सरकार का दिमाग ठिकाने पर है। एमपीएससी ने यहां तक कि सभी पदों के लिए एक ही परीक्षा आयोजित करने का रुख भी अपनाया।

# एंटॉप हिल में एक पाइप लाइन की मरम्मत भी नही हुई दूसरी फूटी

## लोगो को पानी के लिए लेना पड़ा टैंकर का सहारा

**मुंबई :** एंटॉप हिल परिसर में पानी की पाइप लाइन फूटने से लोगो को पानी के लिए परेशानियां झेलनी पड़ रही है। सोमवार को 300 मिमी की पाइप लाइन फूटी थी। जिसका मनपा की ओर से मरम्मत कार्य पूरा भी नही हो पाया था कि इसी परिसर में दोबारा 600 मिमी व्यास की पाइप लाइन फूट गई जिससे लोगो को पानी के लिए तरसना पड़ा। लोगो को पानी के लिए टैंकर का सहारा लेना पड़ा। मनपा के जल विभाग ने जानकारी दी कि फूटी पाइप लाइन का मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। मरम्मत कार्य पूरा होने पर पानी का दाब पूरा हो जाने पर जलापूर्ति पूर्वत हो जाने की जानकारी दी। एफ उत्तर वार्ड में आने वाले एंटॉपहिल इलाके में सोमवार को



300 मिमी व्यास की जलापूर्ति करने वाली पाइप लाइन फूटी थी । पाइप लाइन का मरम्मत कार्य मंगलवार तक चल रहा था।पाइप लाइन का मरम्मत कार्य अभी पूरा भी नही हुआ था और लोगो को पानी अभी मिला भी नही था कि दूसरी 900 मिमी व्यास की पाइप लाइन मंगलवार को फूट गई। मनपा 'एफ नॉर्थ' वार्ड के कोकरी आगार, विजय नगर, संगम नगर, दोस्ती एकड़ , हिम्मत नगर, शांति नगर, आजाद मोहल्ला, एंटॉप हिल, वडाला पूर्व, गणेश नगर, शिवशंकर नगर, नेहरू नगर, इंदिरा नगर, वडाला ट्रांजिट कैंप, पंजाबी कॉलोनी, सेवा समिति, म्हाडा कॉलोनी, सायन कोलीवाड़ा, बी. पी टी., बंगालीपुरा, राजीव गांधी नगर आदि इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं हो पाई। लोगो को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ा। पानी के लिए एक मात्र टैंकर एक सहारा था लेकिन उससे भी पानी की सप्लाई पूरी नहीं होने से लोगो को तकलीफो का सामना करना पड़ा। जिस स्थान पर पाइप लाइन फूटी है उसका मरम्मत कार्य युद्ध स्टार पर शुरू होने की जानकारी मनपा के जल विभाग अधिकारियों ने दी। मरम्मत कार्य में 35 मजदूर-कर्मचारी-अधिकारी जुटे हुए है।

# सड़क पर लौट रहे वाहन... मिलेगा पेट्रोल डीजल - सरकार की अपील

**मुंबई:** महानगर क्षेत्र में जिस पेट्रोल पंप पर स्टॉक था, वहां पर दोपहिया और कारों की लाइन लगी हुई थी। इस दौरान, डीलर्स की ओर से अपील की गई कि पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है, बस ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल की वजह से पेट्रोल पंप पर आपूर्ति नहीं हो पा रही है, इसलिए जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल और डीजल भरवाएं। वहीं, पुलिस प्रशासन डीलर्स से कह रही थी कि पेट्रोल और डीजल लाने के लिए ड्राइवर्स से कहें, उन्हें डिपो से पेट्रोल और डीजल लाने के लिए पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि, पुलिस प्रशासन के आश्वासन का कोई असर नहीं दिखा है। परेल नाके पर स्थित पेट्रोल पंप



के मालिक नवीन विजन ने कहा कि मंगलवार को सबसे अधिक परेशानी हुई है। सुबह से ही वाहनों का पेट्रोल भराने के लिए लाइन लगी हुई है। जितना स्टॉक है, उसमें से फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के आधार पर पेट्रोल और डीजल दिया जा रहा है। वाहन चालक किसी भी स्थिति में पेट्रोल और डीजल भरवाकर ही जाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पेट्रोल पंप पर हर दूसरे दिन 14,000 लीटर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति होती है। यह स्टॉक एक दिन में ही खत्म होने के कगार पर है। वसई हाइवे पर स्थित पेट्रोल पंप के मालिक केयूर पारीख ने कहा कि उनके पेट्रोल पंप पर हर दिन 20 हजार लीटर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति होती है। लेकिन, मंगलवार को कोई टैंकर नहीं आया है। हड़ताल को देखते हुए लोग पैनिक हैं। पेट्रोल पंप को पुलिस सुरक्षा मिली हुई है।

घाटकोपर और अमर महल पर स्थित पेट्रोल पंप के मालिक रवि शिंदे ने कहा कि मंगलवार को पेट्रोल पंप पर स्थिति तनावपूर्ण दिखी। हर कोई अपने वाहनों में पेट्रोल और डीजल भरवा लेना चाहता था। इसकी वजह से स्टॉक में जितना पेट्रोल और डीजल उपलब्ध था, वह खत्म हो गया। सिर्फ ऐम्बुलेंस के लिए 1,000 लीटर पेट्रोल और डीजल का स्टॉक रखा गया है। पेट्रोल पंप पर जो भी ऐम्बुलेंस आ रही थी, उसमें ईंधन भरा जा रहा था।

# महानंद डेयरी को गुजरात की अमूल डेयरी में विलीन करने की साजिश?

**मुंबई :** राज्य के उद्योग और व्यवसाय, हीरा बाजार सहित अन्य उद्योग गुजरात ले जाने के बाद अब महाराष्ट्र की प्रमुख महानंद डेयरी को केंद्र के राष्ट्रीय डेयरी डेवलपर बोर्ड (एनडीडीबी) को देकर गुजरात की अमूल डेयरी में विलीन करने की साजिश रची जा रही है। एक देश, एक ब्रांड नाम के अधीन चलने वाली महानंद डेयरी को अमूल डेयरी के अधीन देने का आरोप किसान सभा ने किया है। महाराष्ट्र राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ (महानंद) की खराब वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए महानंद को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) को सौंपने की कवायद



ने जोर पकड़ लिया है। एनडीडीबी को सौंपने से पहले महानंद के कर्मचारियों की छंटनी की जाएगी। वर्तमान में महानंद में लगभग ९४० कर्मचारी हैं। एनडीडीबी पर वित्तीय बोझ से बचने के लिए कम से कम ४५० कर्मचारियों की कटौती की जाएगी। इस संबंध में डेयरी विकास मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटील ने नागपुर विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में एक सवाल के जवाब में उक्त जानकारी दी थी।




# कमाठीपुरा पुनर्विकास जल्दी ही पूरा होने के कगार पर...



**मुंबई :** मुंबई के कमाठीपुरा का जिक्र आते ही जेहन में जो तस्वीर उभरती है, वो अच्छी नहीं कही जा सकती है। दरअसल, ये मुंबई का रेड लाइट एरिया है, जिसका पुनर्विकास बीते कई सालों से रुका हुआ था। लेकिन अब कमाठीपुरा पुनर्विकास जल्दी ही पूरा होने के कगार पर है, क्योंकि महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) के रिपेयर एंड रिडेवलपमेंट बोर्ड ने कमाठीपुरा क्लस्टर पुनर्विकास हेतु प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कमेटी नियुक्ति करने का निर्णय लिया है और टेंडर भी निकाला है। इच्छुक कंपनियों को दो महीनों के भीतर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट यानी (डीपीआर) सौंपनी होगी और ३ महीने के भीतर अप्रूवल दिया जाएगा, जिसके बाद इस पर काम किया जाएगा। म्हाडा रिपेयर एंड रिडेवलपमेंट बोर्ड के सीईओ मिलिंद समभरकर ने बताया कि कमाठीपुरा लेन-१ से १५ के पुनर्विकास के लिए म्हाडा ने डीसीआर रूल ३३(९) के अंतर्गत पीएमसी नियुक्त कर रही है। यह पुनर्विकास कई चरणों के तहत किया जाएगा। सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। डीपीआर में कमेटी को वहां के लोगों का पुनर्वसन, पानी सप्लाई, पर्यावरण स्टडी और अन्य जरूरी पहलुओं का अध्यन कर रिपोर्ट सौंपनी होगी। साथ ही कंपनी को १५ वर्षों से ज्यादा पुनर्विकास का अनुभव होना चाहिए।

बता दें कि कमाठीपुरा में रहनेवाले करीब ८ हजार लोगों के क्लस्टर पुनर्विकास को राज्य सरकार ने ढाई से तीन साल पहले ही मंजूरी दे दी थी, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद यह प्रोजेक्ट रुक गया था। यह मुद्दा विधानसभा में भी कई बार गरमाया था। कमाठीपुरा का पुनर्विकास पिछली सरकारों के एजेंडे में भी था।

# महाराष्ट्र पुलिस बल राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम : राज्यपाल रमेश बैस



**मुंबई:** राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि महाराष्ट्र पुलिसबल राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सक्षम हैं. राज्य पुलिसने नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के अलावा खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. राज्यपाल रमेश बैस गोरेगांव के राज्य रिजर्व पुलिसबल ग्राउंड में महाराष्ट्र पुलिसदिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. मौके पर पुलिसमहानिदेशक (अतिरिक्त प्रभार) विवेक फणसलकर और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. राज्यपाल ने कहा कि महाराष्ट्र पुलिसबल के ध्येय वाक्य 'सदरक्षणाय खलनिग्रहणाय' के अनुरूप उल्लेखनीय कार्य कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक जीतकर महाराष्ट्र पुलिसबल की छवि को ऊंचा उठाया है. यह महाराष्ट्र के लिए गौरव की बात है. राज्यपाल ने बताया कि हरयाणा में आयोजित अखिल भारतीय पुलिसकुश्ती क्लस्टर-2023 प्रतियोगिता में महाराष्ट्र पुलिसबल ने छह स्वर्ण, चार रजत और बारह कांस्य सहित कुल 22 पदक जीते हैं. विन्निपेग कनाडा में विश्व पुलिसऔर फायर गेम्स 2023 में, महाराष्ट्र पुलिसबल के एथलीटों ने कुश्ती/बॉडी बिल्डिंग/फिजिक्स बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल सात पदक जीते. मुंबई में आयोजित 88वीं अखिल भारतीय और दक्षिण एशियाई रब्बी प्रतियोगिता-2023 में महाराष्ट्र पुलिसरब्बी संघ ने कांस्य पदक जीता है. विवेक फणसलकर ने कहा कि 2 जनवरी, 1961 को भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने महाराष्ट्र पुलिसबल को पुलिसध्वज प्रदान किया था. इसलिए 2 जनवरी को महाराष्ट्र पुलिसदिवस के रूप में मनाया जाता है. समुद्री सुरक्षा, नक्सलवाद के साथ-साथ साइबर सुरक्षा जैसी नई चुनौती है. राज्य सरकार द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम तथा महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए विभिन्न उपाय क्रियान्वित किये जा रहे हैं. वर्तमान में, राज्य में कुल 48 साइबर पुलिसस्टेशन और 44 साइबर लैब शुरू किए गए हैं और आधुनिक तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं. उन्होंने परिचय में यह भी कहा कि इस साल पुलिसबल में 18 हजार नये पद भरे गये हैं और उनका प्रशिक्षण जारी है.

# महामारी के बाद से दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ी



**मुंबई :** पिछले कुछ महीनों में एक चौंकानेवाले तथ्य सामने आया है कि देश में दिल की बीमारी के कारण कई युवाओं की मौत हो गई है। अधिकांश की मृत्यु अचानक हदयाघात से हुई है। जिम में वर्कआउट करते समय मौत के मामले भी सामने आए हैं। कोरोना महामारी के बाद से दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ी हैं। देश में हार्ट अटैक अथवा कार्डियक अरेस्ट के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में अब एक बार फिर कोरोना के नए जेएन.१ वैरिएंट ने सिरदर्द बढ़ा दिया है। दूसरी तरफ विशेषज्ञों का मानना है कि फिटनेस प्रेमी लोगों में दिल का दौरा पड़ने से जान जाने का जोखिम अधिक होता है। इसे देखते हुए ऐसे लोगों को सजग रहने की जरूरत है। कोविड-१९ फैलने के बाद से कई मौतें हुई हैं और चिंता की बात यह है कि दिल का दौरा पड़ने से मरनेवालों में फिट युवा, मशहूर हस्तियां और यहां तक कि स्कूली बच्चे भी शामिल हैं।

# आरे मिल्क कॉलोनी में १३२ हेक्टेयर भूमि को हरित क्षेत्र घोषित

**मुंबई :** मुंबई की आरे कॉलोनी को ग्रीन जोन के लिए तत्कालीन महाविकास आघाडी सरकार ने तीन साल पहले इस संदर्भ में पैष्ठसला लिया था। तत्कालीन उद्धव ठाकरे सरकार ने जंगलों के लिए ७०५ एकड़ जमीन आरक्षित की थी। राज्य की ईडी सरकार ने आखिरकार आघाड़ी सरकार के उक्त पैष्ठसले पर औपचारिक रूप से मुहर लगा दी है। आरे मिल्क कॉलोनी में १३२ हेक्टेयर (लगभग ३२६ एकड़) भूमि को हरित क्षेत्र घोषित कर दिया है। इससे अब पूरा आरे इलाका ग्रीन जोन में आ गया है। आरे में विकास कार्यों के लिए जगह दिए जाने को लेकर चल रहे संशय पर से पर्दा उठने की संभावना जताई जा रही है। मतलब मुंबई का आरे इलाका अब ग्रीन जोन में रहेगा। इसलिए पर्यावरणविदों ने इसका स्वागत किया है। इस संदर्भ में नगर विकास विभाग ने पिछले सप्ताह एक परिपत्र जारी किया है।

# महाराष्ट्र में फेक प्रोफाइल के सबसे ज्यादा मामले दर्ज



**मुंबई:** देश में साइबर क्राइम के मामले में तेलंगाना सबसे आगे हैं। यहां हर तरह के साइबर क्राइम दूसरे राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा होते हैं। 2022 में तेलंगाना में बैंकिंग फ्रॉड के 3223,ओ.टी.पी फ्रॉड के 2179 और साइबर ब्लैकमेलिंग के 234 केस दर्ज किए गए। तेलंगाना के बाद महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश को साइबर क्राइम हॉट स्पॉट कहा जा सकता है। महाराष्ट्र में फेक प्रोफाइल के सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए। वहीं बिहार में एटीएम फ्रॉड के मामल सबसे ज्यादा हुए।

गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। दरअसल, गृह मंत्रालय ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल, डेटा पोर्टल और एनसीआरबी के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में हो रहे साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकारों के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की है। इससे यह पता चलता है कि किस राज्य में किस प्रकार के साइबर अपराध सबसे ज्यादा है। ताकि राज्यों के हिसाब से साइबर क्राइम के विभिन्न प्रकारों को समझ कर इससे निपटने की नई रणनीति तैयार की जा सके। न में 51 और यूपी में 37 केस दर्ज किए गए।

गृह मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि देशभर में सोशल मीडिया पर फेक न्यूज फैलाने का अपराध 6 राज्यों में सबसे अधिक होता है। इनमें तेलंगाना, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश टॉप पर हैं। देशभर में 2022 में फेक न्यूज फैलाने के 230 मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें से तेलंगाना में 81, तमिलनाडु में 37 मामले आए थे। तेलंगाना और महाराष्ट्र में साइबर ब्लैकमेलिंग के मामले भी सबसे ज्यादा दर्ज किए गए। तेलंगाना में 2022 में साइबर ब्लैकमेलिंग के 234, महाराष्ट्र में 95, असम में 70, राजस्था 2022 में देशभर में एटीएम फ्रॉड के 1690 केस दर्ज हुए। इस मामले में बिहार सबसे आगे हैं। अकेले बिहार में 638 एटीएम फ्रॉड केस दर्ज हुए हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर तेलंगाना (624) और तीसरे नंबर पर महाराष्ट्र (144) का नाम आता है। सोशल मीडिया पर किसी व्यक्ति का फेक प्रोफाइल बनाकर ठगी के सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र और राजस्थान में सामने आए हैं। देशभर में ऐसे कुल 157 मामले दर्ज किए गए थे। महाराष्ट्र में 48, राजस्थान में 33, बिहार में 26 और तेलंगाना में 14 मामले दर्ज किए गए थे। साइबर क्रिमिनल्स इन दिनों पिंक वाट्सऐप के जरिए 'डकैती' कर रहे हैं। लोगों को लगता है कि ये वाट्सऐप का नया वर्जन है, लेकिन ये उनके बैंक बैलेंस को खाली करने के साथ फोन को भी हैक कर लेता है।

# 'डंकी' ने भारत समेत दुनियाभर में 400 करोड़ रुपये से अधिक कमाए




**मुंबई :** अभिनेता शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'डंकी' ने रिलीज के बाद से अब तक भारत समेत दुनियाभर में 400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को यह जानकारी दी। निर्माता रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने अपने आधिकारिक 'इंस्टाग्राम' पेज पर मंगलवार को बॉक्स ऑफिस से जुड़ी यह जानकारी साझा की। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा, '' आपके असीम प्यार से हमारा बंदा और उसके साथी बॉक्स ऑफिस पर नयी ऊंचाइयों को छू रहे हैं।'' 'डंकी' 21 दिसंबर को दुनियाभर में रिलीज हुई थी।

# उत्तर भारत में कोहरा की वजह से हवाई सेवाओं पर असर



**मुंबई:** उत्तर भारत में छाए कोहरे का असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा है। मंगलवार को भी दिल्ली से आने वाली दो फ्लाइटें दो घंटे की देरी से आईं। गोरखपुर से दिल्ली जाने वाली शाम की फ्लाइट भी देर से गई। इसके अलावा मुंबई से आई फ्लाइट भी करीब एक घंटे लेट आई। हैदराबाद की फ्लाइट आधे घंटे की देरी से गोरखपुर पहुंची। गोरखपुर एयरपोर्ट से दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद आदि शहरों के लिए हर दिन करीब 15 फ्लाइट हैं। इनमें से दिल्ली-लखनऊ होकर आने वाली उड़ानें कोहरे के चलते प्रभावित हो गई हैं। मंगलवार को दिल्ली से दोपहर व शाम को आने वाली स्पाइसजेट व इंडिगो की फ्लाइट दो घंटे लेट थीं। वहीं मुंबई से आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट भी एक घंटे की देरी से आई। इसके अलावा हैदराबाद से दोपहर में आने वाली फ्लाइट आधे घंटे की देरी से आई। दिल्ली जाने वाली शाम की फ्लाइट भी करीब एक घंटे की देरी से गई।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani